हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

13 रघुधाम भूतोंवाला मंदिर में मनाया भव्य फाल्गुन ...



14 सकसं ने पुरानी पेंशन बहाली एवं कच्चे ...



### नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि व विधायक प्रतिनिधि ने नारियल फोड़ शुरू करवाया काम

# 50 लाख की लागत से बनेगी शहर की पांच गलियां, निर्माण कार्य शुरू

**गंदगी को निर्धारित स्थान पर ही डाले और जो अवैध कूड़ा प्वाइंट बंद किए गए हैं, उन पर कूड़ा न डालें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। नारियल फोड़कर गली निर्माण शुरू करवाते नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व विधायक घनश्याम के पुत्र अमन सर्राफ। फोटो : हरिभूमि

- नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि बोले-शहर के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं
- अभी तक शहर में 250 गलियों को करवाया जा चुका है पक्का

गुरुवार को नगर परिषद के अंतर्गत आने वाली कृष्णा कॉलोनी में लालदास पार्क के पास गलियों का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व विधायक घनश्यामदास सर्राफ के पुत्र अमन सर्राफ ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और उपस्थित लोगों का मुंह मीठा करवाया। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने कहा कि शहर के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। नप पार्षद उनको कच्ची गलियों की जानकारी देते रहे और वे गलियों को पक्का करवाने का काम करते रहेंगे।

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि हर वार्ड व हर व्यक्ति की समस्याओं को जानने के लिए खुले दरबार का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोगों के बीच में जाकर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की जा सके और उनका निदान किया जा सकें। खुले दरबार के आयोजन के पॉजिटिव रेस्पॉन्स भी मिल रहे है। लोग जो समस्याएं लेकर आ रहे है, उन्हें तत्काल हल भी करवाया जा रहा हैं। पार्षद साथी गलियों की मांग लेकर आ रहे है और उन्हें भी तत्काल पूरा करवाया जा रहा हैं। सरकार के खजाने भरे पड़े हैं, जनता की सुख सुविधाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं हैं, बशर्ते क्षेत्रवासी या पार्षद समस्याएं बताएं। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक शहर में 250 गलियों को पक्का करवाया जा चुका है। करीब दो सौ गलियों को और भी पक्का करवाया जाएगा, जिनके बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू है। इसके बाद शहर में कोई गली कच्ची नहीं रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे नप के अभियानों में सहयोग करें। गंदगी को निर्धारित स्थान पर ही डाले और जो अवैध कूड़ा प्वाइंट बंद किए गए हैं, उन पर कूड़ा न डालें। शहर के सौंदर्यीकरण में हर नागरिक का सहयोग होना बहुत ही जरूरी हैं, ताकि दूसरे लोग हमारे शहर की मिसाल दे सकें।

इस मौके पार्षद सतेंद्र मोर, पार्षद सुभाष तंवर, पार्षद मोनू बादशाह, मदन सिंह, शिवकुमार गोठवाल, प्रेम धमीजा व राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

**शहर को सुंदर बनाने में हर नागरिक सहयोग करे : भवानी**

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि कृष्णा कॉलोनी में करीब 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गलियों का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है। साथ ही उन्होंने लोगों से कहा कि शहर में कोई गली कच्ची है, अगर कोई हैं तो वे उनको बताए, उन गलियों को तत्काल पक्का करवाया जाएगा। इसके साथ ही कॉलोनियों के पार्कों में पेड़ पौधों व साफ सफाई की विशेष तौर पर ध्यान रखें और कही पर गंदगी फैली है तो उसे मिलकर दुरूस्त करने का काम करें। शहर हमारा अपना हैं, हम सब अपनी जिम्मेदारी समझेंगे तो ही शहर सुंदर बना रह सकेंगा। नप में शहर में दर्जनों अवैध कूड़ा प्वाइंटों को बंद किया हैं, बस शहरवासी इतना सहयोग करें कि देर सवेर उन बंद प्वाइंटों पर कूड़ा डालकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह न मोड़े।

### धनासरी के समीप सतनाली डिस्ट्रीब्यूटरी के पास हादसा

## अनियंत्रित गाड़ी नहर में गिरी, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव कादमा निवासी एक चालक की गाड़ी नीलगायों के झुंड के कारण अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने दादरी के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

गांव कादमा निवासी 43 वर्षीय मुकेश पुत्र केन्द्र प्रसाद बुधवार दोपहर को अपने गांव से धनासरी जा रहा था और वो धनासरी के समीप से गुजर रही सतनाली डिस्ट्रीब्यूटरी के पास पहुंचा तो नहर के रास्ते से अचानक नीलगायों का झुंड आ गया। इसके बाद चालक मुकेश की गाड़ी ने संतुलन खो दिया और अनियंत्रित होकर गाड़ी तेज गति से नहर में जा गिरी। नहर में पानी नहीं था, लेकिन तेज आवाज के साथ नहर में गिरते ही गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर पहुंचे किसानों ने घायल मुकेश को गाड़ी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुका था। जिला पार्षद अशोक कादमा ने बताया कि मुकेश बहुत ही मिलनसार था, लेकिन अकाल काल का ग्रास बन गया। मृतक खेती बाड़ी व किराए का वाहन चलाकर अपने परिवार की आजीविका चलाता है। पुलिस ने मृतक के भाई मनोज कुमार के इत्फाकिया घटना के ब्यान पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।



भिवानी। कादमा धनासरी के समीप से गुजर रही सतनाली डिस्ट्रीब्यूटरी में गिरी कार। फोटो : हरिभूमि

- मौके पर पहुंचे किसानों ने घायल मुकेश को गाड़ी से बाहर निकाला
- रास्ते में अचानक नीलगायों का झुंड आने से हुई दुर्घटना

## खबर संक्षेप

### भिवानी में राधा-स्वामी का सत्संग दो मार्च को

**भिवानी।** राधा-स्वामी दिनोद के परमसंत कंवर महाराज के 79वें अवतरण दिवस पर भिवानी के रोहतक रोड पर राधा स्वामी आश्रम में सत्संग का आयोजन होगा। राधा स्वामी सत्संग के सेवादार ने बताया कि सत्संग में आसपास क्षेत्र से हजारों की संख्या में राधा-स्वामी के अनुयायी भाग लेंगे और सत्संग में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### चोरों ने ताला तोड़कर चुराई नकदी, केस दर्ज




**लोहारू।** कस्बे के वार्ड नंबर 13 में एक घर में घुसकर चोरों ने हजारों रुपयों की नकदी और चांदी के सिक्कों पर हाथ साफ कर दिया। घर में रहने वाली महिला कुछ दिनों बाहर गई हुई थी तथा पीछे से चोरों ने घटना को अंजाम दे डाला। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड न. 13 निवासी इंद्रावती देवी ने बताया कि उसका बेटा दिल्ली में सर्विस करता है तथा वह 5 फरवरी को दिल्ली गईथी। जब 25 फरवरी को वापिस अपने घर लोहारू लौटी तो देखा कि उसके घर के कमरे के ताले टूटे पड़े थे और संदूक में रखी करीब 15 हजार रुपये की नकदी गायब थी तथा चांदी के सिक्के भी गायब थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मोनिका ने नेट जेआरएफ में पांचवां स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

श्रीराम पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा मोनिका ने अखिल भारतीय स्तर पर नेट जेआरएफ में पांचवां स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय संस्थापक एवं प्राचार्य अमित जाखड़, सुमन जाखड़, नीलम जाखड़ , उपप्राचार्य मंजू व शिक्षक सदस्यों ने मोनिका का स्वागत किया। प्राचार्य अमित जाखड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मोनिका में बचपन से ही अद्वितीय प्रतिभा दिखाई दे रही थी। उन्होंने कहा कि मोनिका ने जिले भर में नहीं हरियाणा का पूरे देश में नाम रोशन किया है। मोनिका की इस उपलब्धि ने दर्शा दिया कि ग्रामीण परिवेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।



भिवानी। मोनिका को सम्मानित करते विद्यालय स्टाफ सदस्य

### धावकों के लिए सुनहरा अवसर कल सजेगा ओपन दौड़ का मैदान

**भिवानी।** खेलों की धरती भिवानी एक बार फिर युवाओं के जोश एवं जुनून का गवाह बनने जा रही है। तोशाम के चौधरी सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में आगामी 28 फरवरी को ओपन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता स्वर्गीय रिसाल सिंह की स्मृति में आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि दौड़ को दो मुख्य श्रेणियों में बांटा गया है।उन्होंने बताया कि 1600 मीटर दौड़ ओपन में प्रथम पुरस्कार 2100 रुपये, द्वितीय 1100 तथा तृतीय पुरस्कार 700 रुपये का निर्धारित किया है। वहीं 800 मीटर दौड़ ओपन में प्रथम पुरस्कार 1100 रुपये, द्वितीय 700 तथा तृतीय पुरस्कार 500 रुपये रहेगा। प्रतियोगिता में किसी भी जिले या राज्य का खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले सकता है। विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए हरियाणा पुलिस के सब-इंस्पेक्टर विकास कुमार विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

## हरियाणा नेटबॉल टीम का ट्रायल एक को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- मुजफ्फरनगर में होगी दूसरी मिक्स्ड नेशनल चैंपियनशिप
- हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई सोनीपत में ट्रायल का आयोजन किया जाएगा

हरियाणा के नेटबॉल खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर आ गया है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में होने वाली दूसरी मिक्स्ड सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा टीम के चयन और प्रशिक्षण कैंप की घोषणा कर दी गई है। हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की मजबूत टीम तैयार करने की कवायद शुरू हो चुकी है।

चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनने के लिए विशेष ट्रायल और कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि एक मार्च को सुबह 10 बजे हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई सोनीपत में ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। ट्रायल में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाडि़यों को अपने साथ नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की रजिस्ट्रेशन नंबर स्लिप, आधार कार्ड की मूल प्रति और फोटोकॉपी साथ लानी अनिवार्य रहेगी।

दहिया ने स्पष्ट किया कि चयन पूरी तरह से योग्यता और ट्रायल के दौरान खिलाड़ी के प्रदर्शन पर आधारित होगा। चयनित खिलाड़ी ही आगे कैंप का हिस्सा बनेंगे और अंततः राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का गौरव बढ़ाएंगे। बता दें कि दूसरी मिक्स्ड सीनियर नेटबॉल चैंपियनशिप 31 मार्च से 2 अप्रैल तक उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर स्थित श्रीप्यारेजी महाराज स्पोर्ट्स एकेडमी जाउला में होगी।

### रिवासा के राजकीय विद्यालय के अमित ने रचा इतिहास

**भिवानी।** रिवासा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र अमित कुमार पुत्र श्यामलाल ने जेईई मेंस 2026 में 92.12 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। जिले से 10 चयनित विद्यार्थियों में अमित ने छठा स्थान प्राप्त किया। अमित विद्यालय का होनहार छात्र रहा है, जिसका वर्ष 2024-25 में सुपर 100 में चयन हुआ व वर्तमान में कुरूक्षेत्र से 12वीं कक्षा में पढ़ रहा है। ग्रामीण आंचल में पले बढ़े रिवासा के होनहार अमित के घर व गांव में उपलब्धि पर जश्न का माहौल है। छात्र अमित के पिता श्यामलाल मजदूरी करके घर चलाते हैं, जहां प्राइवेट विद्यालय के छात्र महंगी फीस देकर व कोचिंग लेकर शिक्षा ग्रहण करते हैं,वहीं सरकारी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर अमित ने ये उपलब्धि हासिल की। अमित को उपलब्धि पर गांव रिवासा के सरपंच वीरेन्द्र सिंह, प्राचार्य राजेन्द्र कुमार जांगड़ा व स्टाफ सदस्यों ने शुभकामनाएं दी।

- छात्र ने जेईई मेंस परीक्षा में 92 .12 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

## जिलाधीश ने बोर्ड परीक्षाओं के लिए किए फ्लाइंग स्क्वॉड व ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिलाधीश साहिल गुप्ता ने बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड और ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। परीक्षा केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा को ओवरऑल इंचार्ज बनाया हैं। पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधीश गुप्ता ने विभिन्न अधिकारियों को फ्लाइंग स्क्वॉड एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां 25 फरवरी से एक अप्रैल तक तक आयोजित होने वाली परीक्षाओं को लेकर की गई है। आदेशानुसार नियुक्त अधिकारी संबंधित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे तथा परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करेंगे।

**इनको फ्लाइंग स्क्वॉड एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट किया नियुक्त**

जिलाधीश गुप्ता ने जारी आदेशों में एसडीएम महेश कुमार, नगराधीश अनिल कुमार, एसडीएम लोहारू मनोज दलाल, एसडीएम तोशाम प्रदीप अहलावत, सिवानी एसडीएम विजया मलिक, डीएमसी गुलजार मलिक, डीएसपी हैडक्वार्टर महेश शर्मा व डीएसपी अनूप कुमार और डीडीपीओ सोमबीर कादयान को फ्लाइंग स्क्वॉड अधिकारी नियुक्त किया है।

**इन्हें भी मिली जिम्मेदारी :** वहीं बीईओ राहुल श्योराण, एसडीओ रजनीश, अंकित, नरेन्द्र सिंह, रोडवेज वर्कशॉप प्रबंधक इंद्रजीत, एसडीओ राजपाल नैन, सुमित कलसन, धर्मपाल, नारायणप्रकाश, गगनदीप, एडीओ राकेश रोहिल्ला, एसडीई विक्रम पूनिया को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

### एसडीएम ने अपने उड़नदस्ते के साथ परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**भिवानी।** एसडीएम महेश कुमार ने अपने उड़नदस्ता टीम के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा के नकल रहित, पारदर्शी और शांतिपूर्वक ढंग से संचालन के सख्त निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि फिलहाल हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न स्कूलों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर डीसी साहिल गुप्ता ने परीक्षाओं के सही संचालन को लेकर सभी एसडीएम को फ्लाइंग स्क्वाड अधिकारी नियुक्त किया है और परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में एसडीएम महेश ने वीरवार को कुंगड़, बड़सी व बलियाली स्कूलों में संचालित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। वीरवार को 10वीं की गणित विषय की परीक्षा थी। उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी हो। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप न हो, ताकि परीक्षार्थी आराम से परीक्षा दे सकें। उन्होंने कहा कि परीक्षा नकल रहित और पारदर्शी ढंग से संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा केंद्र के आसपास निर्धारित दायरे में बाहरी तत्वों का प्रवेश न हो। कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी संपन्न कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध

**चरखी दादरी।** डीसी डॉ मुनीश नागपाल के निर्देशानुसार , परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ड्यूटी मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कर दी गई है। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढ़ाणी फाटक, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल काठमंडी बी 1,बी2 ,वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजदीक रेलवे स्टेशन में बनाए गए परीखा केंद्रों के लिए कार्यशाला प्रभाग के एसडीओ विजेंद्र कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है । इसी प्रकार से बौन्द कला में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एमएसवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांवड में बनाए गए परिक्षा केन्द्रों के लिए एसडीओ अनुराग को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। वहीं राजकीय कन्या सिनियर सेकेंडरी स्कूल बढडा, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेरला, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल हड़ोदी, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल काकड़ोली सरदारा मे बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर पंचायती भाग के एसडीओ अनुराग को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है । रजकीय सीसे स्कूल पिचौंपा कला, राजकीय उच्च स्कूल बरसाना, राजकीय सीसे स्कूल बिरही कला, शहीद ओमप्रकाश राजकीय सीसे स्कूल छपार, राजकीय सीसे स्कूल सारंगपुर में हैंडबॉल कोच नरेश बलौदा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है ।

### कलिंगा में जलघर निर्माण व गांवों के खेल स्टेडियमों की मरम्मत की मांग उठाई

# विधायक ने विस में उठाया उपमंडल बनाने का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा हलका के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने विधानसभा में हलके की अनेक मांगों को रख, उन्हें पूरा करवाने की मांग की। विधायक कपूर वाल्मीकि ने ऐतिहासिक गांव कलिंगा में जलघर निर्माण की मांग रखी और ग्राम पंचायत द्वारा भूमि उपलब्ध करवाने की सहमति होने की भी बात रखी।

जलघर निर्माण से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को सिंचाई में बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा विधायक ने गांवों के खेल स्टेडियमों की मरम्मत की मांग रखी। विधायक वाल्मीकि ने बताया कि बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी खेल स्टेडियमों की आवश्यक मरम्मत करवाने तथा तिगड़ाना गांव के बड़े स्टेडियम में मिट्टी के भरत की जरूरत है। उन्होंने मांग को पूरे जारेशोर से उठाया, ताकि युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें। विधायक वाल्मीकि ने विधानसभा में बताया कि पीडब्ल्यूडी व मार्केटिंग बोर्ड की विधानसभा की 46 सड़कों का काम था, जिसमें आधी सड़कों का काम पूर्ण हुआ व बाकि का चला हुआ है। शहर में 29 करोड़ रुपये की लागत से जलघर का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हुआ है।



भिवानी। विधानसभा में हलके की मांग उठाते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

**गांव तिगड़ाना के स्टेडियम में भरत करवाने की मांग**

विधायक वाल्मीकि ने बताया कि उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान 10 वाटर टैंकों का 200 करोड़ रुपये का बजट पास करने की बात रखी थी। वहीं कलिंगा में 11 एकड़ जमीन गांव की पंचायत देने को तैयार हैं और वहां पर जलघर बनाने की मांग उठाई। उन्होंने 30 किलोमीटर तक खेत खलियानों के रस्ते इंटरलोक के बनने है वे 80 प्रतिशत के टैंडर लगे तो कुछ के वर्कर ऑर्डर जारी किए उसका भी आभार जताया। विधायक ने पानी भरने से स्टेडियम में दिक्कत आई उनकी रिपेयर करने की मांग की तो तिगड़ाना के हॉकी स्टेडियम में पानी भरने से खिलाड़ियों को दिक्कत आती है वहां मिट्टी की भरत करवाई जाए की मांग की। सभी मांगों को संबंधित मंत्रियों द्वारा हमी भरकर कार्य करवाने के आदेश दिए जिस पर विधायक कपूर वाल्मीकि ने मंत्रियों व मुख्यमंत्री का आभार जताया। गांव मिलकपुर में पीएचसी न होने की मांग को उठाया और बताया कि इसके बनने 8-9 गांवों को फायदा होगा। वहीं बवानीखेड़ा तहसील को उपमंडल का दर्जा दिलाने की मांग की। विधायक वाल्मीकि ने बताया कि जिस प्रकार से हलके की जनता ने उन्हें चुना है वे उनकी सभी मांगों को पूरा करने का कार्य करेंगे।

## विवाहिता ने पंखे से लटककर जीवन लीला की समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

सिवाना में बीती रात्रि 24 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने विवाहिता के पिता के ब्यान पर इत्तफाकिया कार्रवाई कर भिवानी के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दिए ब्यान में पीड़ित कंडेला निवासी होशियार सिंह ने बताया कि उसने 2023 में अपनी बेटी कोमल 24 साल व काजल 22 साल की शादी सिवाना निवासी राजकुमार व प्रदीप के साथ की थी।

पीड़ित ने बताया कि गत रात्रि उसका दामाद राजकुमार अपनी बहन के घर गया हुआ था तथा उसकी छोटी बेटी काजल व उसका दामाद प्रदीप तथा कोमल घर पर ही थे रात्रि लगभग 1:30 बजे तक दोनों बहने इकट्ठी थी, लेकिन बाद में कोमल अपने कमरे में सोने चली गई थी। सुबह उठकर जब कोमल ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो काजल व उसके पति प्रदीप ने कमरे में देखा तो कोमल ने फांसी लगा रखी थी। उसे देखकर इसकी सूचना अपने ससुर कंडेला निवासी होशियार सिंह को दी। सूचना मिलते ही होशियार सिंह परिवार सहित सिवाना पहुंचे तथा अपनी छोटी बेटी काजल व दामाद से अच्छी तरह पूछताछ करके ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक संदीप मलिक अपनी टीम सहित पहुंचे तथा शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर भिवानी के नागरिक अस्पताल ले गए तथा जहां डॉक्टरों के द्वारा विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## खबर संक्षेप



### एचपीवी टीकाकरण अभियान कल से

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल कि अध्यक्षता में लघु सचिवालय में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान बारे बैठक हुई। उन्होंने बताया कि सरकार ने 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान की शुरुआत राष्ट्रीय स्तर पर 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अजमेर से करेंगे तथा जिला स्तर पर इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल करेंगे । इसका शुभारंभ एमसीएच अस्पताल में किया जाएगा। इस संबंध में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने सभी स्टेकहोल्डर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए अभियान की सफलता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा कि यह टीका पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### हाऊसिंग बोर्ड परिसर में पवन वैद को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** हाऊसिंग बोर्ड परिसर में वरिष्ठ पत्रकार पवन वैद की पुण्य स्मृति में भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर उनके परिजन, रिश्तेदार,



पत्रकार साथी एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा में उनकी धर्मपत्नी विमल वैद, पुत्र एडवोकेट रमनदीप वैद, पुत्रवधू दीपिका, दामाद डॉ. कुणाल, बेटियां तरन्नुम व गुंजन ने संयुक्त रूप से कहा कि पवन वैद निर्भीक, सच्चे एवं ईमानदार पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को सच का आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि उनके जीवन मूल्य, संस्कार और संघर्ष हमें हर परिस्थिति में डटकर खड़े रहने की प्रेरणा देते रहेंगे। परिजनों ने भावुक शब्दों में कहा कि पवन वैद न केवल एक पत्रकार थे, बल्कि संवेदनशील समाजसेवी भी थे, जिन्होंने हमेशा सत्य, न्याय और जनहित की बात की।

### किसानों के टैक्स माफ करें सरकारः कुलदीप

**भिवानी।** हरियाणा की राजनीति में ताऊ के नाम से मशहूर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल के ऐतिहासिक फैसलों की गूंज एक बार फिर सुनाई दे रही है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कुलदीप फोगाट ने प्रदेश की सरकार से किसानों और मजदूरों के हित में बड़ा फैसला लेने की अपील की है। फौगाट ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने मुख्यमंत्री रहते रेडियो, साइकिल व ट्रैक्टर पर लगने वाले टोकन टैक्स को माफ किया था। उस समय उक्त निर्णय इतना प्रभावशाली था कि बाद में इसकी नकल करते हुए पूरे देश में इन वस्तुओं से टैक्स हटाया गया। इसने न केवल किसानों को आर्थिक राहत दी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति दी थी। फौगाट ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पर कटाक्ष किया है।

## होली खेले रघुवीरा अवध में व फाल्गुन आया भक्तों...पर झूमे श्रद्धालु

# रघुधाम भूतोंवाला मंदिर में मनाया भव्य फाल्गुन उत्सव, जमकर झूमे श्रद्धालु

मुम्बई, सूरत, कलकता, कटक, गोहाटी व अन्य प्रदेशों से जुड़े भक्तजन भूत परिवार छोटी काशी पहुंचते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

छोटी काशी भिवानी के नया बाजार स्थित रघुधाम भूतों वाला मंदिर में गत वर्षों की भांति दो दिवसीय श्रीश्याम रंगीला फाल्गुन उत्सव के तहत एक शाम सांवरिया के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। उत्सव में दिल्ली से पधारे संजय भूत ने बताया कि कुल देवता बाबा कन्हीराम की पुण्य स्मृति में फाल्गुन माह की नवमी को लगभग 40 वर्षों से कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। मंदिर मीडिया प्रभारी संदीप भूत ने बताया कि नवमी को श्रीश्याम प्रभु की भजन संध्या व दशमी को श्रद्धेय बाबा





**भिवानी।** नया बाजार स्थित रघुधाम भूतोंवाला मंदिर में फाल्गुन उत्सव में झूमते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

कनहीराम की स्मृति में 51 ब्राह्मणों को भोज करवाकर भंडारा लगाया जाता हैं। कार्यक्रम प्रतिवर्ष मुम्बई, सूरत, कलकता, कटक, गोहाटी, दिल्ली व अन्य प्रदेशों से मंदिर से जुड़े भक्तजन भूत परिवार छोटी काशी पहुंचते हैं और फाल्गुन उत्सव में शिरकत कर पूजा अर्चना कर देश व समाज की सुख, शांति व भाईचारे की प्रार्थना करते हैं। भजन संध्या में भजन गायिका सुमन स्वामी वृंदावन ने ऐसी मस्ती कहां मिलेगी, सुन लो श्याम के प्यारों ने अपने भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रसिद्ध गायक कुमार मुकेश ने होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेलें रघुवीरा होली के भजनों व होली धमाल के साथ सभी भक्तों ने रंग बिरंगे फूलों के साथ जमकर फाल्गुन उत्सव में नचाया। गायक ने जब बिन मांगे मिलता तो बोल के क्या मांगे, हारे के सहारे आजा, दीनानाथ मेरी बात जानी कोनी तेरे से व धमाल पर रंग बिरंगे फूलों से जमकर होली खेलते हुए फाल्गुन उत्सव मनाया व छोटी काशी भिवानी में मथुरा व बाबा श्याम की खाटू नगरी का अनुभव हुआ व सभी भक्तजन भाव-विभोर हो भजनों में झूम उठे।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में दिल्ली से संजय भूत, मनमोहन, राकेश, संकेत, मुम्बई से राधेमोहन, कलकत्ता से सुशील, विजय, प्रदीप भूत, सज्जन, मनमोहन सहित संदीप, रामौतार, जयभगवान, गौवर्धन आचार्य व श्रीश्याम चरण सेवा समिति से प्रधान अमर सिंह तंवर, राकेश, मुकेश व नरेश आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** जनवादी महिला समिति की कार्यशाला में चर्चा करती पदाधिकारी।

## बिमला घनघस ने की अध्यक्षता

# समानता व न्याय के संघर्ष को और मजबूत करने का लिया संकल्प

- जनवादी महिला समिति ने महिला अधिकारों, सम्मान एवं समानता की निरंतर लड़ाई लड़ी : सविता

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जनवादी महिला समिति ने संगठन के इतिहास, उपलब्धियों एवं संगठन निर्माण के विषय पर महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्षा बिमला घनघस ने की और संचालन जिला सचिव अनुराधा ने किया। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। समिति की प्रदेशाअध्यक्षा सविता ने संगठन के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और बताया कि संगठन ने अपने संघर्षों के बल पर महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और समानता के लिए निरंतर लड़ाई लड़ी है।

प्रदेशाध्यक्षा सविता ने संगठन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनवादी महिला समिति ने घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकार जैसे मुद्दों पर महिलाओं को संगठित कर महत्वपूर्ण हस्तक्षेप किए हैं। संगठन ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की आवाज को बुलंद करने का काम किया है। राज्य महासचिव उषा सरोहा ने संगठन निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि मौजूदा दौर में महिलाओं के लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों पर बढ़ते हमलों के खिलाफ व्यापक एकजुटता एवं मजबूत संगठन की जरूरत है।

# उपायुक्त ने 12 शिकायतें सुनीं

- परिवादों को केवल कागजों में नहीं धरातल पर हल किया जाए : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निवारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि परिवादों को केवल कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर हल किया जाए। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित हॉल में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के एजेंडे में कुल 12 परिवाद रखे गए थे, जिनमें से 8 का मौके पर ही




**चरखी दादरी।** जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में शिकायत सुनते उपायुक्त। *फोटो: हरिभूमि*

**तुरंत निस्तारण करें**

बैठक में मुख्य रूप से पुलिस जांच से संबंधित , रास्तों के विवाद, जनस्वास्थ्य विभाग की पाइपलाइन से संबंधित मामले रखे गए थे। जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चेतावनी डीसी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जो मामले लंबे समय से लंबित हैं, उनका तुरंत निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन समस्याओं के समाधान में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा, एसडीएम योगेश सैनी व आशीष सांगवान, सीईओ जिला परिषद डॉ वीरेंद्र सिंह जिला परिषद के चैयरमैन मंदिप डालावास, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजिनियर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीईओ ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

- अधिकारियों को दिए लापरवाही ना बरतने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया, जिसमें सीईओ अजय चोपड़ा ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिविर में सीईओ चोपड़ा के समक्ष गांव तिगड़ाना निवासी सुभाष ने पानी के नाले की मरम्मत, बहल निवासी राजेंद्र ने बिजली मीटर लगवाने, गैर सरकारी सदस्य अनिल सोलंकी ने हनुमान गेट से देवसर चुंगी तक ग्रील की समस्या रखी। वहीं रामचंद्र ने गलत ढंग से कटे राशन कार्ड को दोबारा बनवाने की गुहार लगाई।

इसके अलावा लीला राम ने पीपीपी में अधिक दर्ज आय को कम करवाने, अजीत ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने, संदीप ने पीपीपी से वाहन हटवाने, कोमल ने पुलिस कार्रवाई करवाने, सैय निवासी राजेश कौशिक ने गंदे पानी की निकासी व दूषित जल सप्लाई बंद करवाने और बिजली मीटर कनेक्शन लगवाने की समस्याएं रखी।



**भिवानी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते सीईओ अजय चोपड़ा। *फोटो: हरिभूमि*

**लापरवाही न बरतें**

हालू मोहल्ला से कलावती ने नाबालिग लडकी के गायब होने का मामला उठाया। सीईओ के समक्ष गांव मुंढ़ाल निवासी ओमपति और नांगल निवासी भानुमती ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, गीता देवी ने राशन कार्ड बनवाने और विनोद कुमार ने नेत्रहीन श्रेणी से संबंधित रजिस्ट्री की अनुमति दिलवाने, भगवान दास कालिया ने लोहे के पोल पर लगे ट्रांसफार्मर की वायर फेंसिंग करवाने तथा कमला, प्रकाश, बलजीत, मुकेश, लीलाराम, संदीप व ओमप्रकाश ने पीपीपी संबंधित समस्याएं रखीं। सीईओ ने सभी समस्याओं को गौर से सुना और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान में लापरवाही न बरतें। इस दौरान डीडीपीओ सोमबीर कादयान, एलडीएम बिभूति पांडे, डॉ. राजेश ग्रेवाल, टीएम भरतपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा गैर सरकारी सदस्य चेयरमैन नरेंद्र शर्मा, केके ग्रोवर, नंदराम धानिया, अनिल सोलंकी, नरेन्द्र ग्रेवाल आदि मौजूद रहे।

# अधिकारी समस्याओं का तुरंत करें निदान

- समाधान करते समय संबंधित नागरिक से करें संवाद
- अधिकारी समाधान शिविरों की लंबित व रि-ओपन हुई शिकायतों का उचित समाधान करवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों की हर समस्या का तुरंत उचित निदान करें। संबंधित विभाग द्वारा समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए नागरिक से बात करें तथा उसे विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी देकर संतुष्ट करें। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल लघु सचिवालय हाल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हर समस्या का यथासंभव शीघ्र समाधान करें ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का समाधान करते समय संबंधित नागरिक से बातचीत भी करें ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों की लंबित व रि-ओपन हुई शिकायतों का उचित समाधान करवाये।




**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते डीसी। *फोटो: हरिभूमि*

**शिकायत लिखें**

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार हर नागरिक की सभी विभागों से संबंधित प्रत्येक समस्या का एक छत के नीचे तुरंत समाधान करने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस में सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे है। नागरिक अपनी समस्या को साधारण कागज पर लिखकर समाधान शिविरों में पहुंच सकते है। इस अवसर पर एसडीएम योगेश सैनी, आशीष सांगवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली ट्रांसफार्मर की समस्या उठाई

- लोहे का पोल होने के कारण हो सकता है हादसा : भगवान दास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवान दास कालिया ने समाधान शिविर में बिजली ट्रांसफार्मर व रोड की समस्या से अधिकारियों को अवगत करवाया। शिविर में मांग करते हुए भगवान दास कालिया ने बताया कि बीटीएम चौक से रेलवे स्टेशन की तरफ जाते समय रास्त में कब्रिस्तान के नजदीक पार्क कालोनी में मुख्य रोड पर बिजली के खम्भों पर दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं, जिनमें से एक लोहे के पोल पर लगा हुआ है, जिनकी ऊंचाई बहुत ही कम है और लोहे का पोल होने के कारण कोई हादसा हो सकता है।

इसी प्रकार आईटीआई के अंदर भी ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, इसमें भी सीधे सप्लाई की हुई है, यदि लाइन काटनी पड़ जाए तो बिजली लाइन नहीं कट सकती, जिसकारण अप्रिय घटना होने का अंदेशा बना रहता है।



**भिवानी।** लोहे के पोल पर रखे ट्रांसफार्मर दिखाता भगवानदास कालिया व अन्य।

**शीघ्र समाधान करें प्रशासन**

उन्होंने बावड़ी गेट, एमसी कालोनी मोड़, दादरी गेट, हनुमान गेट के अंदर जाने वाले मार्गो पर स्लैब न उतरने के कारण गड्ढे बन गए, जिसकारण वाहनों को आने जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। शिविर में उन्होंने मांग रखी कि उपरोक्त समस्याओं का जिला प्रशासन शीघ्र समाधान करें। इस अवसर पर संजय घणघस, रामदास यादव, महेश कुमार, सुशील, प्रदीप, हरीश, रमन शर्मा, मृत्यंजप, सुरज यादव, जतिन व योगेश आदि उपस्थित रहे।

# बीईओ ने स्कूल स्टाफ की बैठक ली

- छात्र संख्या बढ़ाने को किया प्रेरित, बैठक में बहुत कुछ सीखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा स्थित वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र कुमार ने पहुंचकर विद्यालय स्टाफ संग मीटिंग की। विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर व समूचे स्टाफ ने मिलकर अधिकारी का स्वागत किया।

बीईओ सतेन्द्र कुमार ने समूचे स्टाफ का परिचय लेकर उन्हें उनके संबंधित विषयों पर चर्चा की व विद्यार्थियों की स्थिति पर भी चर्चा की। अधिकारी ने प्राचार्या को आदेश दिए कि अभी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं और स्टाफ की तैनाती नए सत्र पर दाखिला के लिए डोर-टू-डोर अभियान के लिए लगाएं ताकि विद्यालय में छात्र संख्या का हिजाफा हो सके।



**विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर चर्चा की**

बीईओ ने बताया कि वे हिसार जहाजपुल स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में समूचे स्टाफ संग मिलकर दो हजार से अधिक छात्र संख्या कर दाखिला करवाया और अब उनका लक्ष्य पांच हजार के करीब पहुंचने का था और उनकी पदोन्निति हो गई। उन्होंने बताया कि हम सभी को प्रयास करके खंड के प्रत्येक विद्यालय में छात्र संख्या में बढ़ोतरी करनी है ताकि छात्रों की संख्या अनुसार शिक्षकों की अधिक भर्ती हो सके। वहीं उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर भी चर्चा की।

## पूर्व पार्षद ने सिंगल यूज प्लास्टिक और नहर की दयनीय स्थिति का उठाया मुद्दा

# बड़ी कंपनियों पर मेहरबानी एवं छोटे दुकानदारों पर मार क्यों, पूर्व पार्षद मान ने प्रशासन को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने जनहित के मुद्दों को लेकर जिला प्रशासन व सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने समाधान शिविर में उपायुक्त को सौंपे मांगपत्रों के जरिए शहर की सफाई व्यवस्था और सिंगल यूज प्लास्टिक के नाम पर छोटे दुकानदारों के उत्पीड़न पर कड़ा ऐतराज जताया है। मान ने सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथीन के चालान काटने की प्रक्रिया पर सवालिया निशान खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमें शहर के छोटे दुकानदारों का चालान काटकर उन्हें प्रताड़ित कर रही हैं, जबकि असली समस्या की जड़ बड़ी कंपनियां हैं।

पूर्व जिला पार्षद मान ने पूछा कि जब सरकार ने प्लास्टिक और पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाया है, तो उन बड़ी कंपनियों पर छापेमारी क्यों नहीं की जाती जो इनका उत्पादन कर रही हैं। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रतिबंधित पटाखे बनाने वाली और भारी प्रदूषण फैलाने वाली बड़ी कंपनियां चंदा देकर बच निकलती हैं।



**भिवानी।** नहर में पड़ी पॉलीथिन दिखाते पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान।

**आंदोलन की चेतावनी**

मान ने दस्तावेजों के साथ बताया कि वे वर्ष 2017 व 2018 से लगातार उक्त मुद्दे पर लिखित शिकायतें दे रहे हैं, लेकिन प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। मान ने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर, ऑटोमोबाइल कंपनियों द्वारा नियमों की अनदेखी और सफाई जैसे मुद्दों पर प्रशासन का रवैया पक्षपाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता की समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ एवं छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न बंद नहीं किया तो वे आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।

सर्व कर्मचारी संघ का हल्ला बोल प्रदर्शन , उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# सकसं ने पुरानी पेंशन बहाली एवं कच्चे कर्मियों को पक्का करने की उठाई मांग






भिवानी। शहर में प्रदर्शन करते सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य तथा मांगपत्र सौंपते सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- राष्ट्रीय मांग दिवस पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ हुंकार भरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर वीरवार को राष्ट्रीय मांग दिवस पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ हुंकार भरी। चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल पार्क में जिलेभर से एकत्रित कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को अपना मांगपत्र सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य ने बताया कि गत 23 से 26 जनवरी तक महाराष्ट्र के शिरडी में आयोजित 18वें राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन में ये निर्णय लिया था कि देशभर के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लामबंद होंगे। इसी कड़ी में 26 फरवरी को पूरे हरियाणा के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर सरकार को चेतावनी दी गई है।

यूनियन के नेताओं ने स्पष्ट किया कि सरकार मांगों पर जल्द विचार नहीं करती तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कच्चे कर्मियों का नियमितीकरण, पुरानी पेंशन की बहाली, आठवां वेतन आयोग, निजीकरण पर रोक, कच्चे-पक्के कर्मचारियों व पेंशनभोगियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा अनिवार्य करने, चिराग योजना को वापस लेने और शिक्षा बजट को दोगुना करने आदि मांगे उठाई। प्रदर्शन के दौरान मंच संचालन जिला सचिव धर्मबीर भाटी ने किया। सभा को नगर पालिका प्रधान जयहिंद, तोशाम सचिव राजेश दुल्हेड़ी, बवानीखेड़ा प्रधान चांदराम और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला सचिव राजबीर कादयान शामिल रहे। इसके अलावा, रिटायर्ड कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव वजीर सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व राज्य प्रधान मास्टर शेरसिंह, सीटू से बाबू सुखदेव व जिला सचिव अनिल कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान सूरजभान जटासरा, खंड प्रधान अशोक गोयत, पब्लिक हेल्थ से जिला प्रधान अनिल बागड़ी, राजकुमार और अध्यापक संघ के ब्लॉक प्रधान संजय गौरीपुर व रमेश कुमार ने भी अपने विचार रखे और सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की आलोचना की। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि प्रदर्शन केवल एक चेतावनी है। सरकार कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा न लें, समय रहते 10 सूत्रीय मांगों का समाधान नहीं किया तो आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर बड़ा और निर्णायक आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## पक्का करने व 26000 रुपये वेतन की मांग को लेकर सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**भिवानी।** ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति के आह्वान पर ग्रामीण व नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर हाईकोर्ट के आदेशानुसार सफाई कर्मियों को पक्का करने, 26000 रुपये की मुख्यमंत्री की घोषणा लागू करने, बेगार पर रोक लगाने, खाली पदों पर सफाई कर्मियों की भर्ती करने, पुरानी पेंशन बहाली करने व सफाईकर्मियों को कवर करने की मांग की। रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान राजबीर सिंघानी ने की तथा मंच संचालन प्रदीप लोहनी ने किया।

सफाई कर्मियों की सभा को संबोधित करते हुए सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी अपने ही वायदे से मुकर रहे है। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों के सम्मेलन में सभी सफाई कर्मियों का वेतन 26000 रुपये करने की घोषणा की थी, एक साल बीतने के बावजूद 26000 रुपये वेतन लागू नहीं किया गया है। 25 दिसंबर को हरियाणा व पंजाब हाईकोर्ट ने सभी सफाई कर्मियों को पक्का करने का सरकार को आदेश दिया था, लेकिन आज तक कोर्ट के फैसले को लागू नहीं किया गया। प्रदेश में ग्रामीण व शहर में अलग अलग विभागों में लाखों सफाईकर्मी काम कर रहे है, जिनको मामूली वेतन में गुजारा करना पड़ रहा है। कई सालों से काम कर रहे सफाई कर्मचारियों से बेगार करवाई जा रही है और न पक्का किया जा रहा है,जिसके खिलाफ सभी सफाई कर्मचारियों ने ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति का गठन कर लंबे संघर्ष की योजना बनाई है। रोष प्रदर्शन में सीटू नेता कामरेड अनिल, भीमसिंह, ग्रामीण सफाई कर्मी यूनियन जिला प्रधान राजबीर सिंघानी, संतलाल ढिगावा, सतीश झाझरा, रामोतार खरकड़ी, संजय अमीरवास, सन्नी कुमार पहाड़ी, बिल्लू बूढ़ेडा, इंदर सिंह, प्रदीप लोहनी व अनिल बड़ाला आदि शामिल रहे।



भिवानी। शहर में विरोध प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### 21वीं सदी की नारी संस्था ने खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**भिवानी।** शिक्षा व खेल क्षेत्र में ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को तराशने के उद्देश्य से स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में 21वीं सदी की नारी संस्था की अध्यक्षा निशा तंवर बतौर अतिथि पहुंची। उन्होंने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। समारोह के दौरान निशा ने विजेता और प्रतिभागी छात्रों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र भेंट किए। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना सीखने का सबसे बड़ा मंच है। राज्य स्तर तक पहुंचना बच्चों की कड़ी मेहनत और स्कूल के बेहतरीन मार्गदर्शन का परिणाम है। तंवर ने कहा कि आरएचएम स्कूल ने हमेशा समाज के हित में कार्य किए हैं। इस क्षेत्र में यह संस्था एक मिसाल है, जहां बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि खेलकूद और सामाजिक दायित्वों का भी बोध कराया जाता है। उन्होंने चेयरमैन रविन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व की प्रशंसा की।



### महिलाओं को पौष्टिक आहार और हरी पत्तेदार सब्जियों के सेवन की दी सलाह

**भिवानी।** गुरुवार को गांव लोहारी जाटू स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में म्हारा पोषण म्हारी पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया और महिलाओं को बेहतरीन पोषण के बारे में जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि अनाज के साथ साथ ज्यादा से ज्यादा हरी सब्जी खाएं, जिनमें पत्तेदार सब्जियां सेहत के लिए सबसे बेहतरीन है। उन्होंने बताया कि पत्तेदार हरी सब्जी खाने से खून की मात्रा बढ़ती है। साथ ही शरीर की खून से संबंधित अन्य तत्वों की भी पूर्ति करती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अलसुबह सैर करें, जिससे मन को शांति मिलती है। बाद में मौजूद महिलाओं का मुंह मीठा भी करवाया गया। इस मौके पर नीलम, ममता, निर्मला, डिम्पल, सरोज, वीरेंद्र, बबीता, पूनम, ललिता, सुमन, सुदेश, उर्मिला, बिमला व इंद्रा के अलावा हेल्पर संतरा, कविता, ज्योति व अनीता मौजूद रही।

### श्रीनारायण दत्त बालाजी मंदिर में होली महोत्सव पर किया जाएगा हवन और सत्संग का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित श्रीनारायण दत्त बालाजी मंदिर में होली महोत्सव के पावन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ संकटमोचन हवन एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी आचार्य राम लाल शास्त्री एवं डॉ. राकेश अत्री ने बताया कि 28 फरवरी को सायं भव्य सत्संग एवं बालाजी संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 1 मार्च को प्रातःकाल होली हवन संपन्न कराया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु हनुमान सहस्त्रनाम आहुति देंगे। उन्होंने बताया कि विगत 55 वर्षों से होली एवं दीपावली के अवसर पर भगवान बालाजी की कृपा प्राप्ति एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और संकनिवरण हेतु विशेष हवन का आयोजन किया जाता रहा है।

### गांव गिगनाऊ में महिलाओं को वितरित किए सिलाई प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र

**लोहारू।** गांव गिगनाऊ में गुरूवार को हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह के सदस्य महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन के उद्देश्य ऋण एवं प्रशिक्षण संवाद शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में आरसेटी एवं महिला विकास निगम ने सहयोगी विभाग के रूप में सहभागिता की। खंड कार्यक्रम प्रबंधक सोमबीर भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित में महिलाओं को एक ही मंच पर प्रशिक्षण, संवाद, बैंक लिंकेज एवं ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई। सिलाई प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित किए। आरसेटी से रजनीश बांबल द्वारा उद्यमिता विकास, स्वरोजगार प्रशिक्षण एवं ऋण आवेदन प्रक्रिया पर जानकारी दी गई, जबकि महिला विकास निगम से प्रदीप कुमार ने महिला-केंद्रित ऋण योजनाओं, सब्सिडी एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। सशक्तिकरण, वित्तीय साक्षरता एवं आजीविका संवर्धन से संबंधित दिशा-निर्देश साझा किए गए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के साथ संरचित संवाद के माध्यम से उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर बीसीसी अनिल सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही। शिविर में 40 पात्र लाभार्थियों को ऋण आवेदन प्रक्रिया एवं आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संबंध मार्गदर्शन दिया।



### पीएसडब्ल्यूए ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, अवैध अकेडमियों के खिलाफ कार्रवाई की उठाई मांग

**भिवानी।** प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रधान रामअवतार शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और जिले में संचालित अवैध अकेडमियों पर तुरंत एवं प्रभावी कार्रवाई करने की मांग उठाई। एसोसिएशन ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि जिले में अनेक ऐसी अकेडमियां संचालित हो रही हैं, जिनके पास न वैध अनुमति है और न सक्षम प्राधिकरण से मान्यता हैं। इसके बावजूद ये संस्थान भ्रामक प्रचार-प्रसार, बड़े-बड़े इनामों एवं भविष्य के सुनहरे सपनों का लालच देकर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को गुमराह कर रहे हैं। एसोसिएशन ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि इन अवैध अकेडमियों द्वारा आवश्यक सुरक्षा मानकों की पूर्णतः अनदेखी की जा रही है।




## 32 युवाओं ने रक्तदान कर मनाया भिवानी का 651वां स्थापना दिवस

**भिवानी।** भिवानी के 651वें स्थापना दिवस पर शहर में सेवा और परोपकार की बयार बही। वीरवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट और वंशिका फाउंडेशन ने सांस्कृतिक मंच के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर का शुभारंभ और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने किया। उन्होंने प्रत्येक रक्तदाता को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक मंच की ओर से प्रोफेसर इंदु शर्मा व बुद्धदेव आर्य ने रक्तदान को दुनिया का सबसे बड़ा दान बताया। प्रोफेसर इंदु शर्मा ने कहा कि रक्तदान न केवल समाज में मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देता है, बल्कि ऐसा जीवनदान है जो दुर्घटनाओं, कैंसर, थैलेसीमिया और एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए आशा की नई किरण लेकर आता है। शिविर आयोजक मनीष वर्मा, जगदीश मिताथल व शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि अक्सर लोग भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से डरते हैं।

# फर्म पर बिना पैसे का भुगतान किए किसानों की 22 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करवाने का आरोप

- नौरंगाबाद के 38 किसान हुए कंपनी की ठगी का शिकार, 33 करोड़ की ठगी के आरोप लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। ज्ञापन सौंपते जाते पीड़ित किसान फोटो : हरिभूमि

गांव नौरंगाबाद में भिवानी की फर्म ने 38 किसानों के साथ कथित तौर पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। किसानों का आरोप है कि दिसंबर 2025 माह में उपरोक्त फर्म ने उनकी 22 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली, लेकिन दो महीने बीतने के बाद भी एक भी पैसे का भुगतान किसानों को नहीं किया गया।

किसानों के अनुसार रजिस्ट्री के समय फर्म ने भुगतान के लिए 79 चैक दिए गए थे, लेकिन जब किसानों ने फरवरी माह में चेक बैंक में लगाए तो सभी चेक एक के बाद एक बाउंस हो गए। पीड़ित किसानों ने मामले में उपायुक्त, तहसीलदार और पुलिस प्रशासन को शिकायत देकर जमीन की रजिस्ट्री रद करवाने और फर्म के मालिकों व साझेदारों के खिलाफ धोखाधड़ी, एससी एक्ट व दूसरी आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है। गांव नौरंगाबाद के किसानों व मामले के मुख्य शिकायतकर्ता महीपाल किरतान के अनुसार भिवानी में मार्बल पत्थर, सरिया व जापानी चादर की चौखट व जंगले बनाने का काम करने वाले वालों ने किसानों को बड़ी-बड़ी बातें करके अपने झांसे में ले लिया। इसके बाद रजिस्ट्री करवाते समय उन्होंने किसानों को लगभग दो माह बाद की तारीख के चेक जारी कर दिए। किसानों को कंपनी द्वारा 7 फरवरी के आसपास की तारीख के चेक दिए गए थे, जब किसानों ने बैंक में चैक लगवाएं तो एक-के-बाद-एक सभी चेक बाउंस हो गए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पीड़ितों के साथ जनसंघर्ष समिति के संयोजक एवं किसान नेता कामरेड ओमप्रकाश, मास्टर शेरसिंह, अभिषेक सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## लिंगानुपात में सुधार के लिए निगरानी जरूरी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- संदिग्ध अल्ट्रासाउंड केंद्र, नर्सिंग और मेडिकल स्टोर पर छापामार कार्रवाई करें

डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में वीरवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में लिंगानुपात में सुधार, आयुष्मान योजना एवं परिवार नियोजन समीक्षा बैठक हुई।

डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लिंगानुपात में सुधार के लिए संदिग्ध अल्ट्रासाउंड केंद्र, नर्सिंग और मेडिकल स्टोर पर छापामार कार्रवाई करें। उन्होंने सभी सीएचसी के प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी करें। कहीं भी गर्भपात करवाने जाने की सूचना मिले तो तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें। हर महीने बच्चों के जन्म के रिकार्ड पर गौर करें। डीसी गुप्ता ने निर्देश दिए कि गर्भपात की दवाइयों की अवैध रूप से बिक्री न हो और मेडिकल स्टोर पर छानबीन की जाए। परिवार नियोजन की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि लोगों को परिवार नियोजन के बारे में लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## सिद्धांत व खुशी बने बेस्ट एथलीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

केवल किताबों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सम्भव नहीं है, बल्कि उनमें बहुंमुखी प्रतिभा का विकास करने के लिए खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी भी आवश्यक है, ताकि ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण हो सके, जो जीवन की चुनौतियों का सहजता से सामना कर सके। उपरोक्त कथन जीबीटीएल कम्पनी की एचआर प्रोफेशनल कुमारी इशा वालिया ने सेक्टर 13 स्थित चौधरी बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी की एनुअल एथलीट मीट के समापन समारोह में संस्थान के विद्यार्थियों और स्टाफ को बतौर मुख्यतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

एथलीट मीट के दूसरे दिन छात्र और छात्राओं के वर्ग में हैमर थ्रो, 1500 मीटर रेस, रिले रेस, लांग जम्प आदि प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया। प्राचार्या डॉक्टर गीता गुलिया ने मुख्यतिथि का स्वागत किया। मुख्यतिथि वालिया और प्राचार्या गुलिया ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट सिद्धांत व कुमारी खुशी को ट्रॉफी और इक्यावन-इक्यावन सौ के नकद पुरस्कार प्रदान किए। जतिन अंकित, अर्शिता एवं ममता को भी सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

## बीएलओ एवं सुपरवाइजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार करें कार्य: एसडीएम

**भिवानी।** भिवानी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में पंचायत भवन में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) व सुपरवाइजरों की एसआईआर यानि स्पेशल इंटेसिव रिवीजन को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया। उन्होंने बीएलओ व सुपरवाइजरों को सख्त निर्देश दिए कि वे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करे और कार्य में कोई भी लापरवाई न बरतें। एसडीएम महेश कुमार ने बताया कि एक जनवरी 2026 को आधार तिथि मानकर मतदाता सूची तैयार की जाएगी। ऐसे में जो भी व्यक्ति इस तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का है और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है, वह मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का पात्र होगा। उन्होंने कहा कि नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरकर, साथ में दो पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाणपत्र और रिहायशी प्रमाणपत्र बीएलओ को जमा करवाना होगा। वहीं नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 और संशोधन के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि इस कार्य में लगे अधिकारी और कर्मचारी एक एक बिंदु पर सत्यता से कार्य करें।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## राज्य सभा में सैन समाज को मिले प्रतिनिधित्व

**लोहारू।** सैन समाज के कोर कमेटी सदस्य एवं शहीद भगत सिंह समाज कल्याण समिति के प्रधान जगदीश जायलवाल ने कहा कि हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटें रिक्त हो रही हैं ऐसे में प्रदेश के दोनों राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे राज्य सभा में सैन समाज को प्रतिनिधित्व प्रदान करें। जगदीश जायलवाल ने बताया कि दो रिक्त सीटों में एक सीट भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते में जाने की संभावना है।

उन्होंने दोनों राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि वे सैन समाज के शिक्षित व्यक्ति को राज्य सभा में भेजने का काम करें। इससे प्रदेशभर के सैन समाज को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक संतुलन एवं सहभागिता को ध्यान में रखते हुए राज्यसभा में सैन समाज को प्रतिनिधित्व जरूर दिया जाना चाहिए।

विरोध-प्रदर्शन

समाधान शिविर में उपायुक्त के समक्ष उठाया था मुद्दा

# जर्जर हालुवास रोड निर्माण को लेकर जनसंघर्ष समिति-लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। जर्जर हालुवास रोड के निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते जनसंघर्ष समिति के सदस्य व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

जनसंघर्ष समिति ने हालुवास गांव में आटो मार्केट से गोविंदपुरा बाईपास तक जर्जर हुए रोड का निर्माण करवाने के लिए हालुवास में ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन किया। इस मुद्दे को लेकर जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त समाधान शिविर में गया और अधिकारियों के सामने मांग की कि वे नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया के भिवानी कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दे कि जर्जर रोड की तुरंत मरम्मत करवाएं।

कामरेड ओमप्रकाश व समिति सदस्य सुखदेव पालुवास ने कहा कि एक वर्ष से ऊपर हो गया है कि रोड में एक एक फुट के गड्ढे हो गए है, आए दिन दुर्घटना होती है, गाड़ियों के इन गड्ढों में एक्शल टूट जाते हैं तथा आसपास की दुकानों में धूल, मिट्टी व कंकड़ गिर जाती है, चोट लगने का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि रोड दादरी जिले को जोड़ता है। इस रोड से छोटे व बड़े हजारों वाहन रोजाना आवागमन करते है, जो राजस्थान व गुजरात से जुड़ा हुआ है। कितलाना टोल पर इन वाहनों का टोल भी लगता है, फिर भी हाईवे कंपनी इसका रख-रखाव नहीं कर रही है। यह रोड फोरलेन बनने के अंतर्गत शामिल है, लेकिन उसके बनने में समय लगेगा, इसलिए जिला प्रशासन पहले से बने रोड की तुरन्त मरम्मत करवाएं, ताकि ग्रामीणों व राहगीर लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो सके। जनसंघर्ष समिति नेताओं व ग्रामीणों ने प्रशासन को आगाह किया कि रोड की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो वे रोड के साथ अनिश्चितकालीन धरना देने पर मजबूर होंगे। समिति के नेता अभिषेक शर्मा ने विकास नगर के साथ लगते परशुराम नगर की सीवरेज समस्या को भी समाधान शिविर में उठाया तथा आश्वासन मिला कि सीवरेज ओवरफ्लो को शीघ्र ठीक करवाया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

प्रदर्शन व प्रतिनिधिमंडल में रामअवतार शर्मा, ओमप्रकाश हालुवास, जयवीर सिंह, युद्धवीर सिंह, मास्टर शेरसिंह व अभिषेक शर्मा के साथ अनेक ग्रामीण व किसान शामिल रहे।